event विनर को नेशनल में मिलेगा मौका, पीएम होंगे गेस्ट

स्टेट लेवल स्पीच कॉम्पटीशन में दुर्ग की बरखा अव्वल, रायपुर के अनुराग द्वितीय

नेहरू युवा संगठन की ओर से रविवि के सेमिनार हॉल में आयोजन

पत्रिका plus रिपोर्टर

रायपुर. नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से गुरुवार को रविवि के सेमिनार हॉल में राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय था- देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण। थीम थी- सबका साथ-सबका विश्वास। चीफ गेस्ट रविवि के कुलपति केशरीलाल वर्मा थे।

विशेष अतिथि एनवायकेएस के स्टेट डायरेक्टर श्रीकांत पांडेय थे। बतौर जज असिस्टेंट प्रोफेसर गिरिजा शंकर गौतम, रक्षा विशेषज्ञ वर्णिका शर्मा और राष्ट्रपति अवॉर्डी रजनी रजक उपस्थित थे। इसमें दुर्ग की बरखा सोनी अव्वल रहीं। वहीं छोकरा नाला रायपुर के अनुराग तिवारी रहे। इन्हें क्रमशः 25 हजार और 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। बरखा को जनवरी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में मौका मिलेगा। इस स्पर्धा में पीएम मोदी भी गेस्ट के तौर पर शिरकत करेंगे।

बरखा ने अपनी स्पीच में कहा

राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब हम मानव मात्र की एकता में विश्वास रखने वाले भारत वासी विविधता की समृद्धि के पोषक होंगे । राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब हम भौतिक संसाधन और वैभव उत्पन्न करेंगे परंतु मार्गदर्शक की गद्दी पर धर्म विराजेगा बाजार नहीं ।

राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे परंतु व्यक्ति परिवार और समाज परस्पर पोषक की भूमिका में होंगे ।

राष्ट्र निर्माण तब संभव जब हम संसाधन और आकांक्षाओंके बीच संतुलन स्थापित करेंगे ।

भारत में विकास का पैमाना यह बिल्कुल नहीं होगा कि सामान्य से सामान्य व्यक्ति कार का प्रयोग करते हों बल्कि यह होगा कि समृद्ध से समृद्ध व्यक्ति पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करता हो।

अनुराग की जुबानी

राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है की हम अपने देश को कैसा देखना चाहते हैं तत्पश्चात ही हम सभी एक जुटता के साथ अपने भारत को वैसा बनाने के लिए प्रयास कर पाएंगे।हमें हमारे देश के खोए हुए गौरव को दोबारा दिलाने के लिए हमारी संस्कृति एवं सभ्यता का सम्मान करना होगा। आरोप प्रत्यारोप छोड़ देश के निर्माण के लिए जिम्मेदार बनना होगा और जिस दिन हम सभी मिलकर विश्वास पूर्वक अपने देश को विकासशील से विकसित बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने उस दिन से ही हमारा देश दुनिया के पटल पर सबसे अलग नजर आने लगेगा ।